# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

दिनांक 18.11.2023 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की बैठक संख्या 09/2023 का कार्यवृत्त।

बैठक की उपस्थितिः–

बैठक में सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ व डॉ0 ब्रज किशोर त्रिपाठी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी ने वर्चुअल माध्यम तथा शेष सभी सदस्यों ने भौतिक रूप से प्रतिभाग किया।

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | डॉ0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 नन्दलाल चौरसिया | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | डॉ0 ब्रज किशोर त्रिपाठी | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी | सदस्य |
| 8. | श्री विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक–2464/कु0का0/2023, दिनांक 07.11.2023) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**मद सं0 1–** दिनांक 25.08.2023 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक दिनांक 25.08.2023 के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** विद्वत परिषद के कार्यवृत्त दिनांक 07.11.2023 पर विचार कर सम्पुष्टिकरण किया जाना। **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा विद्वत परिषद के कार्यवृत्त दिनांक 07.11.2023 को विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 3–** परीक्षा समिति के कार्यवृत्त दिनांक 18.10.2023 व दिनांक 06.11.2023 पर विचार कर सम्पुष्टिकरण किया जाना। **(परिशिष्ट–3)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा विचारोपरान्त परीक्षा समिति के कार्यवृत्त दिनांक 18.10.2023 के मद संख्या–1 में इस संशोधन के साथ सम्पुष्टिकरण किया कि "सामूहिक नकल में लगातार दो वर्षों/दो सेमेस्टरों की परीक्षा में दोषी सिद्ध होने वाले कालेज/परीक्षा केन्द्र को आगामी दो सत्र/चार सेमेस्टर तक परीक्षा केन्द्र न बनाया जाय" के संशोधन तथा परीक्षा समिति के कार्यवृत्त दिनांक 06.11.2023 के मद संख्या–5 में उल्लेखित संगीत विषय के माइनर पेपर को 2+2 क्रेडिट के अनुसार कराये जाने के सम्बन्ध में विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 07.11.2023 में पारित किये गए निर्णय के अनुसार सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 4–** विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक– 2058/कु0का0/23 दिनांक 29.08.2023, पत्रांक– 2065/कु0का0/2023 दिनांक 01.09.2023 तथा पत्रांक– 2211/कु0का0/2023 दिनांक 27.09.2023 के क्रम में विभिन्न विभागों में पठन–पाठन हेतु अतिथि प्रवक्ताओं का पैनल तैयार किए जाने हेतु आयोजित संवीक्षा एवं मूल्यांकन समितियों की संस्तुतियाँ सूचनार्थ प्रस्तुत किया जाना।

सूच्य है कि संवीक्षा एवं मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 09.10.2023 से 13.10.2023 तक विभिन्न विषयों (17 विषय/पाठ्यक्रम) में वॉक–इन–इंटरव्यू सम्पन्न किए गए थे और प्रत्येक विषय में अतिथि प्रवक्ता हेतु सहायक आचार्य स्तर में 3–3 अथवा कम

अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया गया था। कुछ विषयों में उपयुक्त अभ्यर्थी न मिलने के कारण कोई उपयुक्त नहीं पाया गया की संस्तुति की गई है। उक्तवत तैयार किए गए पैनल के अभ्यर्थियों/शिक्षकों का भुगतान सहायक आचार्य स्तर में संगत उत्तर प्रदेश शासनादेश/निर्गत विश्वविद्यालय के पत्रांक– 2058/कु0का0/2023, दिनांक 29.08.2023 के अनुसार किया जाना है।

**संकल्प–** कार्य परिषद ने संज्ञान लिया कि विश्वविद्यालय के अपने भवन में स्थापित एवं संचालित होने से पूर्व तक शैक्षणिक कार्य हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों (डी.ए.वी. पी.जी. कालेज, आजमगढ़ तथा शिब्ली नेशनल कालेज, आजमगढ़) के प्राचार्यों व अतिथि प्रवक्ताओं हेतु चयनित व्यक्तियों को विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक 2497/कु0का0/2023 दिनांक 17.11.2023 व पत्रांक 2498/कु0का0/2023 दिनांक 17.11.2023 पत्र निर्गत किये गए।

यह भी निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य अतिथि प्रवक्ताओं के पैनल से आवश्यकतानुसार अतिथि प्रवक्ताओं को बुलाकर पठन–पाठन कार्य प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करेंगे। प्राचार्य आवश्यकतानुसार अपने महाविद्यालय के सम्बन्धित विषय के शिक्षक से भी पठन–पाठन का कार्य करा सकते हैं जिनका भुगतान उपरिसन्दर्भित शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा।

**मद सं0 5–** दिनांक 27 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले 'दीक्षांत समारोह' में 'मुख्य अतिथि' हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा प्रेषित पत्र संख्या– 99/कु. कार्या./2023/वी.सी. दिनांक 30.10.2023 पर विचार कर अंकित व अनुमोदित करना **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि चयनित किये जाने हेतु राजभवन को प्रेषित पत्र से कार्य परिषद अवगत हुई व अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 6–** स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/महाविद्यालयों में प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु पैनल तैयार करने पर विचार करना।

सूच्य है कि इस हेतु कार्य परिषद द्वारा संस्तुत विषय विशेषज्ञ पैनल से विषय विशेषज्ञ नामित किए जाने का प्राविधान है। अद्यतन कार्य परिषद द्वारा ऐसा कोई पैनल संस्तुत/तैयार नहीं किया गया है और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति मा0 कुलपति जी द्वारा की जा रही है।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


संकल्प– विचारोपरान्त कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/महाविद्यालयों में प्राचार्य एवं शिक्षकों के चयन हेतु गठित समिति में विषय विशेषज्ञ नामित करने हेतु मा0 कुलपति जी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

मद सं0 7– माननीय कुलपति जी, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी हेतु वाहन ख़रीदने पर विचार।

संकल्प– अधिकारियों के प्रयोग हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से लिये गये वाहनों पर व्यय अत्यधिक होने, आदि के कारण विश्वविद्यालय द्वारा पद के अनुरूप मा0 कुलपति जी, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक व विश्वविद्यालय के अन्य कार्य हेतु वाहन (इनोवा क्रिस्टा–01 व मारुति सियाज–03) क्रय किये जाने पर कार्य परिषद द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया। उक्त वाहनों के क्रय पर आने वाले व्ययभार वहन विश्वविद्यालय के स्वयं के बजट/आय से किया जाए।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद

कार्य परिषद की 9वीं बैठक दिनांक 18.11.2023 दिन शनिवार की फोटोग्राफ -

